आज

अर्थ-व्यापार/विविध

रांची, १३ दिसम्बर, २०१५

९

रांची में जल्द खुलेगा कंपनी सेक्रेट्रीज का कॉलेज : अतुल

रांची। इंस्टिच्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया की फूल टाइम कोर्स की पढ़ाई जल्द रांची में शुरू की जायेगी। इसके लिए जल्द ही रांची में कॉलेज खोला जायेगा और जल्द ही अपना कार्यालय होगा। कंपनी सेक्रेट्रीज के क्षेत्र में कैरियर की अच्छी संभावनाएं हैं। उक्त बातें आईसीएसआई के अध्यक्ष अतुल एच मेहता ने प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने बताया कि कंपनी अधिनियम 2013 के तहत सचिवीय मान्य प्रस्तुत किया गया है। रांची में दो हजार छात्र-छात्राएं हैं, इसे बढ़ाकर 10 हजार करने की है। साथ ही सवा सौ सदस्य हैं। पूर भारत में 4 लाख छात्र है

तथा 70 शाखाएं हैं। इस क्षेत्र के कैरियर बनानेवाले छात्र 12वीं या ग्रेजुवेशन करने के बाद चुन सकते हैं। 12वीं के बाद कैरियर चुनने वाले छात्रों को इंटरेंश परीक्षा पास करनी पड़ती है। छात्रों को दो सालों तक कॉपरेट लॉ के बारे में जानकारी दी जाती है। पूर भारत में 14 लाख कंपनियां है, जिसमें 6 हजार लिस्डेड कंपनी है, जिन्हें कंपनी सेक्रेट्री रखना जरूरी है। इस मौके पर रांची चैप्टर के चेयरमैन राजीव रंजन तथा रिजनल चेयरमैन सुनिता मोहंती मौजूद थीं।